28/02/2026 आकाशवाणी भोपाल 7.10 पीएम

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात में सेमीकंडक्टर प्लांट का उद्घाटन किया।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश की 8 लाख किशोरियों के लिए निःशुल्क एचपीवी टीकाकरण का किया शुभारंभ ।
- सीहोर में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वीर तेजाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण किया ।
- बोत्सवाना से आज 9 और चीते प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क पहुंचे।

## प्रधानमंत्री - गुजरात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज गुजरात के साणंद में माइक्रोन सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की सेमीकंडक्टर असेंबली, टेस्ट और पैकेजिंग - ए.टी.एम.पी सुविधा का उद्घाटन किया। यह सुविधा देश के सेमीकंडक्टर विनिर्माण क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। साणंद ए.टी.एम.पी सुविधा से भारत में निर्मित पहले सेमीकंडक्टर मेमोरी मॉड्यूल का वाणिज्यिक उत्पादन और शिपमेंट शुरू हो गया है। यह वैश्विक सेमीकंडक्टर मूल्य श्रृंखला में भारत की स्थिति मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट ने पूरी दुनिया को प्रभावित किया है।

## प्रधानमंत्री- राजस्थान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान के अजमेर में 14 वर्ष तक की आयु वाली बालिकाओं के लिए ह्यूमन पैपिलोमावायरस-एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया। इस पहल का उद्देश्य सर्विकल कैंसर की रोकथाम करना है, जो महिलाओं में कैंसर से संबंधित रूग्णता के प्रमुख कारणों में से एक है।

इस अभियान की औपचारिक शुरुआत पांच बालिकाओं को एचपीवी का टीका लगाकर की गई। प्रधानमंत्री ने 16 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। श्री मोदी ने राजस्थान सरकार के विभिन्न विभागों में नव चयनित 21 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए।

टीकाकरण

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में शुरू हुए राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश की 8 लाख किशोरियों के लिए निःशुल्क एचपीवी टीकाकरण का शुभारंभ किया। नई दिल्ली से वर्चुअली जुड़े मुख्यमंत्री ने कहा कि 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं को बाज़ार में 4 हजार रुपये मिलने वाला यह टीका अब सरकारी केंद्रों पर पूरी तरह मुफ्त लगेगा। साथ ही, टाइप-1 मधुमेह से पीड़ित बच्चों के लिए 'मिशन मधुहारी' की भी शुरुआत की गई है, जिसके तहत जिला अस्पतालों में विशेष साप्ताहिक क्लीनिक चलेंगे। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने भोपाल के काटजू अस्पताल से अभियान की कमान संभालते हुए कहा कि 'बीमारी के इलाज से बेहतर उसका बचाव है'।

भूपेंद्र - चीता

केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने आज श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में बोत्सवाना से लाए गए 9 नए चीतों को बाड़े में मुक्त किया। वायुसेना के हेलीकॉप्टरों द्वारा ग्वालियर से एयरलिफ्ट कर लाए गए इन मेहमानों में 6 मादा और 3 नर चीते शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इनके आगमन से चीता परियोजना के तहत चीतों की आबादी और मजबूत हुई है। श्री यादव ने बताया कि भारत में इस समय चीतों की संख्या 48 है। इनमें भारत में जन्मे 28 शावक शामिल हैं।

इसके साथ ही मंत्री श्री यादव ने आज भोपाल स्थित भारतीय वन प्रबंधन संस्थान (IIFM) की 41वीं वार्षिक आम बैठक की अध्यक्षता की। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने वन प्रबंधन और सस्टेनेबिलिटी मैनेजमेंट के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया।

शिवराज सिंह चौहान

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज भोपाल से ग्वालियर जाते समय घायल युवक को अस्पताल पहुँचाया और डॉक्टरों से बात कर समुचित उपचार सुनिश्चित किया। ग्वालियर पहुँचकर पत्रकारों से चर्चा में उन्होंने नागरिकों से अपील की कि दुर्घटना के समय 'गोल्डन ऑवर' का महत्व समझें और घायल की मदद के लिए आगे आएँ। साथ ही, उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'सक्षम और आत्मनिर्भर भारत' के निर्माण पर भी जोर दिया।

वहीं श्री चौहान ने आज सीहोर में वीर तेजाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने तेजाजी महाराज की वचनबद्धता और साहस को नमन करते हुए कहा कि उनका जीवन सत्य और धर्म की रक्षा का सर्वोत्कृष्ट उदाहरण है। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री कमल पटेल और विधायक रमाकांत भार्गव भी मौजूद रहे। इसके साथ केंद्रीय मंत्री ने भैरूंदा में ही 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान' के तहत मंडल कार्यशाला को संबोधित किया और कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती का मंत्र दिया।

मौसम

प्रदेश में मौसम एक बार फिर करवट लेने जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, 2 मार्च से सक्रिय हो रहे पश्चिमी विक्षोभ के कारण प्रदेश में आंधी और बारिश के आसार बन रहे हैं। इसका सबसे ज्यादा असर ग्वालियर-चंबल अंचल में देखने को मिलेगा, जहाँ होली पर बादलों की आवाजाही के साथ हल्की बारिश या 'मावठा' गिर सकता है।फिलहाल, प्रदेश में गर्मी भी रफ्तार पकड़ रही है। खरगोन में पारा 34.8 डिग्री तक पहुँच गया है, वहीं भोपाल, इंदौर और जबलपुर में भी तापमान 32 डिग्री के पार दर्ज किया गया है।

समाचार संक्षेप में -----

- अशोकनगर जिले के करीला धाम पर रंगपंचमी पर मेला का आयोजन 07 मार्च से 09 मार्च 2026 तक किया गया है।
- देवास जिले के ग्राम भाटखेड़ी में सब मिशन आन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन "आत्मा" अंतर्गत किसान संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- इन्दौर और पन्ना में जिला पंचायत अंतर्गत ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा आयोजित दो दिवसीय होली मेले का आज शुभारंभ हुआ।
- शहडोल जिले में बिजली विभाग ने बिजली बिल की बकाया वसूली के लिए विशेष अभियान चला रहा है।
- आगरमालवा मे विकसित भारत युवा संसद 2026 का जिला स्तरीय आयोजन में विद्यार्थियों द्वारा संसद की कार्यवाही का मंचन प्रस्तुत किया गया।

- बैतूल में शासकीय जमीन पर अतिक्रमण कर बनाए गए शॉपिंग काम्प्लेक्स पर जिला प्रशासन ने हाईकोर्ट के निर्देश पर बुलडोजर चला दिया। काम्प्लेक्स में 14 दुकानें थी ।
- खण्डवा में आगामी दिनों में आने वाले त्यौहारों को को देखते हुए 2 मार्च को जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है।

------------------------